Stage II of the Project envisages installation of one unit of 210 MW at an estimated cost of Rs. 66.40 crores. The construction of this unit was taken up in June, 1974 and the unit is expected to be commissioned by February, 1978. The expenditure incurred upto June, 1977 comes to Rs. 41.47 crores.

Stage III of the Project envisages installation of one more unit of 210 MW. This proposal is estimated to cost Rs. 64.19 crores and is expected to yield benefits towards the middle of Sixth Plan..

आपात काल के दौरान फोटो डिवीजन द्वारा फोटो का तैयार किया जाना

4995. **श्री ओम प्रकाश त्यागी :** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आपात काल के दौरान सूचना और प्रसारण मंत्रालय के फोटो डिविजन के कलर यूनिट में स्वर्गीय राष्ट्रपति श्री फखरुद्दीन अली अहमद, श्री संजय गांधी और श्रीमती इंदिरा गांधी तथा उन के परिवार के सदस्यों के कितने फोटो तैयार किये गये;

(ख) इन फोटो के छापने का उद्देश्य क्या था ; और

(ग) क्या सरकार ने इस बारे में कोई जांच की है और यदि हां, तो इस के क्या परिणाम रहे ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवानी) : (क) आपात स्थिति के दौरान फोटो प्रभाग द्वारा कुल मिलाकर 896 फोटो और पारदर्शी फोटो निम्नानुसार तैयार किए गए थे :—

1. राष्ट्रपति श्री फखरुद्दीन अली अहमद	146
2. बेगम आबिदा अहमद	40
3. श्रीमती इन्दिरा गांधी	593
4. श्रीमती इंदिरा गांधी का परिवार	104
5. श्री संजय गांधी	13

(ख) फोटो प्रभाग, विभिन्न सरकारी एजेंसियों के लिए एक सेवा विभाग के रूप में कार्य करता है । ये फोटो प्रचार आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तथा विभिन्न सरकारी एजेन्सियों के मांग-पत्रों (इंडेंटों) को पूरा करने के लिए तैयार किए गए थे ।

(ग) चूंकि ये फोटो विभिन्न सरकारी एजेंसियों के विशिष्ट अनुरोधों पर तैयार किए गए थे, अत: किसी जांच की आवश्यकता प्रतीत नहीं होती ।

एच० एम० टी० की घड़ियों का उत्पादन और मांग

4996. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :**
श्री जी० वाई० कृष्णन् :

क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न प्रकार की एच०एम०टी० घड़ियों का वार्षिक उत्पादन कितना है और देश में उनकी मांग कितनी है और गत तीन वर्ष के तुलनात्मक आंकड़े क्या हैं ?

(ख) उपरोक्त अवधि में प्रत्येक किस्म की कितनी घड़ियों का निर्यात किया गया और उस से कितनी विदेशी मुद्रा अर्जित की गई ;

(ग) नई घड़ियां किस किस्म की और कितनी बनाने का विचार हैं ; और